बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि०
Bihar Urban Infrastructure Development Corporation Ltd.
(A Govt. of Bihar Undertaking)
नगर परिषद कार्यालय भवन, रोहतास (सासाराम)
Mob No.- 8544403183, Email - dudarohtas@gmail.com

BUIDCo
Building Better Tomorrow
ISO 9001:2008, 14001:2004

पत्रांक – 442 | दिनांक – 21-10-2020

!! कार्यालय आदेश !!

अमृत मिशन के अन्तर्गत, डिहरी डालमियानगर जलापूर्ति योजना कार्य का एकरारनामा संवेदक, मेसर्स नालान्दा इंजिकॉम प्रा. लि. (जेभी) पटना के साथ दिनांक– 26.02.2018 को एकरारनामा किया गया था। एकरारनामा अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि, दिनांक– 25.02.2020 है। परंतु अबतक कार्य की भौतिक प्रगति संतोषजनक नहीं है साथ ही हर–घर–जल निश्चय योजना के तहत सभी घरों में जलापूर्ति नहीं की गयी है।

संवेदक को कार्य में प्रगति लाने के लिए इस कार्यालय द्वारा अंतिम रूप से कुल 05 (पाँच) अदद् नोटिस निर्गत किया गया है। उन्हें अंतिम नोटिस इस कार्यालय का पत्रांक– 424, दिनांक– 14.10.2020 के माध्यम से दी गई है। साथ ही विभिन्न बैठकों में दैनिक लक्ष्य निर्धारित कर उसके अनुरूप कार्य में प्रगति लाने के लिए संवेदक को कई बार निदेशित किया गया है। परंतु निर्धारित दैनिक लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने में विफल रहे है।

अतः उपरोक्त के परिपेक्ष्य में संवेदक **(मेसर्स नालान्दा इंजिकॉम प्रा. लि. (जेभी) पटना)** को एकरारनामा के सामान्य निर्देश (General) की कंडिका– 4.8 सहपठित पथ निर्माण विभाग, बिहार के ज्ञापांक – 2131 (s) पटना, दिनांक– 13.03.2009 के आलोक में अमृत मिशन के अन्तर्गत कार्यान्वित डिहरी डालमियानगर जलापूर्ति योजना कार्य की पूर्णता तक किसी भी विभाग द्वारा आमंत्रित निविदाओं में भाग लेने से Debar किया जाता है।

21/10/2020
कार्यपालक अभियंता,
रोहतास (सासाराम), बुडको।

ज्ञापांक– 442 | दिनांक– 21-10-2020

प्रतिलिपि –1. मेसर्स नालान्दा इंजिकॉम प्रा. लि. (जेभी) पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
2. अधीक्षण अभियंता, नगर विकास एवं आवास विभाग, पटना बाहरी प्रक्षेत्र, बुडको को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ समर्पित।
3. मुख्य अभियंता, जलापूर्ति, ड्रेनेज एवं सिवरेज, उत्तर बिहार उपभाग, बुडको को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ समर्पित।
4. प्रबंधक (सूचना तकनीकी), बुडको को सूचनार्थ एवं निदेशित किया जाता है कि उक्त कार्यालय आदेश को बुडको Website पर Upload कराना सुनिश्चित करें।
5. संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता सासाराम को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

21/10/2020
कार्यपालक अभियंता

Scanned with CamScanner